राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004
फोन नं. 0141–2708824, 2256670

क्रमांकः परीक्षा.III-A/R.E/2024

दिनांकः

मुख्य परीक्षा–2024 के पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

राजस्थान विश्वविद्यालय परीक्षा–2024 के पुनर्मूल्यांकन हेतु अध्यादेश संख्या 157–A के प्रावधानो के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन–पत्र निम्नानुसार भरे जायेगें:–

1. समस्त (**NEP 2020** स्नातक सेमेस्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर, तथा व्यावसायिक सेमेस्टर एवं वार्षिक पद्धति, सेमेस्टर,सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं एमफिल पाठ्यक्रमों) परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट **WWW.univraj.org** के माध्यम से भरे जायेगे।
2. जिन परीक्षाओ का परीक्षा परिणाम **RW-EX/RW-EN** प्रदर्शित हो रहा है या जो परीक्षार्थी अध्यादेश के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित हुये है ऐसे इच्छुक परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन पोर्टल **WWW.univraj.org** पर जाकर पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते है।
3. विश्वविद्यालय प्रावधान एवं सिंडीकेट के निर्णयानुसार परीक्षा के 50 प्रतिशत प्रश्न–पत्रों में पुनर्मूल्यांकन करवाया जा सकता है।
4. पुनर्मूल्यांकन (नियमित/स्वयंपाठी) परीक्षार्थी हेतु शुल्क रूपये 430/– प्रति प्रश्न–पत्र निर्धारित हैं।
5. अन्तिम तिथिः– विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा घोषित होने की तिथि से 15 दिवस तक ही पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात् संबंधित परीक्षा की वेबसाईट बन्द हो जायेगी।
6. आवेदन–पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया–परीक्षार्थियो को निर्धारित परीक्षा शुल्क **ICICI BANK** के माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

   अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **www.univraj.org** पर Visit कर अपनी कक्षा से सम्बधित ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र मुख्य परीक्षा के अनुक्रमांक से भरेगे।

   (ब) पुनर्मूल्यांकन की निर्धारित शुल्क **ICICI BANK** में क्रेडिट/डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिग के माध्यम से जमा करवा सकते हैं, तत्पश्चात् आवेदन पत्र की दो प्रतियो में प्रिंट प्राप्त कर लें। आवेदन पत्र की दोनो प्रतियां एवं शुल्क जमा की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।

   (स) **एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नही होगा।**

नोटः– सूचित किया जाता है कि पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्रों की हार्डकॉपी विश्वद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है तथा परीक्षार्थी आवेदन–पत्र की हार्डकॉपी को अपने पास सुरक्षित रखे और विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करें।

Sd
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः– परीक्षा– III-A/R.E/2024/ 1657–65 दिनांक 1.7.24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

1. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि.,जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करने का श्रम करें।
3. जनसंपर्क अधिकारी, रा.वि.वि. जयपुर।
4. निजि सचिव, कुलपति/ कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि. जयपुर।
5. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश को पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र पोर्टल पर प्रस्तारित किया जायें।

1.7.2024
उप–कुलसचिव
(पुर्नमूल्यांकन)

Scanned with OKEN Scanner